हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 7 अप्रैल, 2025

तापमान
अधिकतम 35.5 डिग्री
न्यूनतम 15.7 डिग्री

11 सरकार विकास के वायदे को पूरा करने के लिए...



11 एडवोकेट एनडी पंचोली को पीयूसीएल ने किया...




## खबर संक्षेप

### नाम धारण दिवस पर 7 दिवसीय कार्यक्रम आज

**आदमपुर।** प्रणामी मिशन के प्रमुख संत परमहंस डॉ. सदानंद महाराज के 67वे नाम धारण दिवस के उपलक्ष में पारायण पाठ, मेहेर सागर पाठ व निजनाम मंत्र जाप का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते हुए मोहित बंसल ने बताया कि बोगा मंडी स्थित श्री कृष्ण प्रणामी सत्संग भवन में सोमवार 7 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शुभारंभ होने वाले कायज्क्रम में सैंकड़ो श्रद्धालुओं द्वारा पारायण पाठ, मेहेर सागर पाठ व निजनाम मंत्र जाप किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कायज्क्रम के अंतिम दिन 13 अप्रैल को श्रद्धालुओं की एक बस आदमपुर से राधिका धाम भिवानी के लिए रवाना होगी जहां पर गुरुदेव का मंत्र धारण दिवस बहुत ही भव्य रूप में मनाया जायेगा।

### भाविप शाखा किशनगढ के आत्माराम यादव बने अध्यक्ष

**आदमपुर।** भारत विकास परिषद शाखा किशनगढ़ द्वारा नई कार्यकारिणी का चुनाव करवाया गया। जिसमें सर्वसम्मति से आत्माराम यादव को अध्यक्ष, अनिल जांगड़ा को सचिव व विजेंद्र बेनीवाल कोषाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर डॉक्टर सुनील यादव, अनिल राव, कुलदीप यादव, बजरंग यादव, विक्रम नैण, शमशेर राव, राजपाल नेण, प्रदीप बेनीवाल, राजेश बेनीवाल, करण सिंह बेनीवाल, संजय बेनीवाल आदि उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब ने लगाया निःशुल्क मेडिकल कैंप

**बरवाला।** लायंस क्लब बरवाला सिटी ने मेडिकल कैंप का आयोजन दौलतपुर रोड पर स्थित पंजाबी धर्मशाला में किया गया। इसके प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन रोशन घनघस और को चेयरमैन लायन डॉ. एसएस बेनीवाल रहे।
प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन रोशन घनघस ने बताया कि इस कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 350 मरीजों का चेकअप किया गया और फ्री दवाईयां दी गई तथा निशुल्क टेस्ट किए गए। सिविल अस्पताल की पूरी टीम डेंटल डॉ. सीमा सचदेवा व निजी हॉस्पिटल से डॉ. अभिषेक सरदाना, डॉ. मनोज, डॉ. नितेश कुमार सहित उनकी टीम ने निशुल्क अपनी सेवाएं दी।

### 50 किलो डोडा पोस्त केस में तीसरा काबू

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने 50 किलो 283 ग्राम डोडा पोस्त मामले में तीसरे आरोपी पंजाब के संगरुर जिले के गांव हरयाऊ निवासी बिट्टू उर्फ बंटू को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार प्रोडक्शन वारंट पर लिए गए आरोपी बिट्टू ने कुछ दिन पहले मेजर सिंह व अंजायब सिंह निवासी संगरूर पंजाब से 50 किलो 283 ग्राम नशीला पदार्थ डोडा पोस्त आगे सप्लाई करने के लिए मंगवाया था। स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया है।

# पुरानी रंजिश में युवक पर 4 लोगों ने किया चाकू व लाठी डंडों से हमला

**पुलिस ने नरेश की शिकायत के आधार पर जोगेंद्र, जोगेंद्र की पत्नी और एक अज्ञात युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

निकटवर्ती गांव शेखपुरा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर एक महिला सहित तीन लोगों द्वारा चाकू व लाठी डंडों से हमला कर घायल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घायल युवक जलघर में पानी सप्लाई चलवाने के बाद घर लौट रह था। घायल युवक को परिजनों ने उपचार हेतु नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया था। पुलिस ने घायल युवक शेखपुरा निवासी नरेश की शिकायत के आधार पर एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नरेश ने बताया कि वह गांव खेती-बाड़ी का काम करता है और 4 अप्रैल रात को अपने गांव के जल घर में पानी की सप्लाई छुड़वाने के लिए गया था। और जब वह जलघर से वापस आ रहा था, तो गांव के ही जोगिंद्र व उसकी पत्नी तथा एक अनजान व्यक्ति ने उसके ऊपर चाकू व लाठी डंडों से हमला कर दिया। नरेश ने पुलिस को बताया कि जोगिंद्र और अनजान लड़के ने उस पर पीछे से हमला करते हुए उसके सिर पर डंडा मारा और दूसरे ने हाथ पर चाकू से वार किया। जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा और जब वह उठकर भागा तो सामने से जोगिंद्र की पत्नी व लड़के ने रास्ते में रोक लिया।



### जलघर में पानी की सप्लाई छुड़वाने गया था

नरेश ने बताया कि गांव में पिछले कई दिन से पानी नहीं आ रहा था। क्योंकि दिन के समय बिजली नहीं रहती। इसलिए वह रात को जल घर में पानी की सप्लाई छुड़वाने के लिए गया था। वहां से वापस आते समय जोगिंद्र व उसकी पत्नी तथा एक अनजान व्यक्ति ने उस पर लाठी डंडों व चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने नरेश की शिकायत के आधार पर जोगेंद्र, जोगेंद्र की पत्नी और एक अज्ञात युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डेढ़ साल पहले हुआ था झगड़ा

नरेश का कहना है कि दोनों परिवारों का डेढ़ वर्ष पहले भी किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। जिसमें दोनों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की थी। और उसी झगड़े की कारण जोगिंद्र के परिवार ने अब उस पर जानलेवा हमला किया है।

## दोपहर से पूर्व अभियान चलाकर खोखे वालों को ही निशाना बनाते रहे अधिकारी

# पीएलए मार्केट में अवैध कब्जे का बोलबाला राहगीरों का चलना दूभर, विभाग लापरवाह

अवैध कब्जे की जद में पीएलए मार्केट, जो जमीन सरकारी, वो जमीन हुई हमारी

राजेश्वर बैनीवाल/हिसार

*जो जमीन सरकारी है-वो जमीन हमारी है, उस जमीन को हम चाहें जैसे इस्तेमाल करें, कोई रोकने वाला नहीं है। अब यह अतिक्रमण करने वालों पर निर्भर है कि वे चाहे रास्ता रोकें या उस जमीन पर अपना होटल चलाएं, उन्हें संबंधित विभाग कुछ नहीं कहेगा। जी हां, कुछ ऐसा ही नजारा इन दिनों शहर की व्यस्तम पीएलए मार्केट में देखा जा सकता है। पीएलए मार्केट शहर की व्यस्तम मार्केट है। यदा कदा कोई शिकायत होने पर नगर निगम व विभाग के अधिकारी कब्जे हटाने की औपचारिकता पूरी करने अवश्य आते हैं, लेकिन कुछ देर बाद ही स्थिति ज्यों की त्यों हो जाती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते यह स्थिति बनी हुई है और यहां से निकलना भी दूभर हो गया है।*

### रास्ता रोका, गली में बिछाया मैट

*कई दुकानदारों ने तो एचएसवीपी की ओर से छोड़ी गई गलियों में मैट तक बिछा दिया है ताकि आने-जाने वालों को लगे कि ये मैट उनके आगमन को देखते हुए आवभगत में बिछाया गया है। गली में मैट बिछाकर इन लोगों ने रास्ता रोक दिया है और उस गली पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है।*

### पार्किंग की जगह पर सज रही कुर्सियां

*केवल एक मामला नहीं है, जिसके चलते कोई दुकानदार मनमानी करके एचएसवीपी की जगह पर कब्जा किए बैठा हो। एचएसवीपी ने पीएलए मार्केट में दुकानें व शोरूम काटकर जो जगह पार्किंग के लिए छोड़ी थी, उस पार्किंग पर अवैध कब्जा करके उस जगह का धड़ल्ले से उपयोग ये दुकानदार अपने फायदे के लिए कर रहे हैं। शाम होते-होते पीएलए में कई स्थानों पर पार्किंग की जगह पर कुर्सियां सज जाती है और दुकानदार इसका जमकर फायदा उठाते हैं।*

**खास बातें**

- पीएलए मार्केट शहर की व्यस्तम मार्केट है। यदा कदा कोई शिकायत होने पर नगर निगम व विभाग के अधिकारी कब्जे हटाने की औपचारिकता पूरी करने अवश्य आते हैं, लेकिन कुछ देर बाद ही स्थिति ज्यों की त्यों हो जाती है।
- विभाग की जमीन को इस तरह रोक रखा है तो निश्चय ही उसे हटवाया जाएगा : अंचल



### पाइप लगाकर रोकी गलियां

पीएलए मार्केट में विभिन्न तरह के होटल व दुकानें हैं। आए दिन नए होटल टाइप दुकानें खुलती रहती है और ये दुकान मालिक हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जगह हो अपनी सुविधानुसार प्रयोग करते हैं। हालत यह है कि विभाग द्वारा लोगों के आने-जाने के लिए छोड़ी गई गलियों को भी दुकानदारों ने अपने फायदे के लिए पाइप लगाकर रोक दिया है और लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है।







**जांच करवाएंगे:** पीएलए मार्केट में शोरूम व दुकान संचालकों द्वारा किए गए अतिक्रमण बारे एचएसवीपी की संपदा अधिकारी आंचल भास्कर से बात की कई तो उन्होंने कहा कि इसकी जांच करवाएंगे। यदि किसी ने विभाग की जमीन को इस तरह रोक रखा है तो निश्चय ही उसे हटवाया जाएगा।

### वाहन चालक हो रहे परेशान

*ऐसा नहीं है कि पार्किंग की जगह पर हुए इस अतिक्रमण से कोई परेशान न हो। आए दिन कोई वाहन टकराना या किसी के बीच झगड़ा होना आम बात है और इसका कारण केवल यही है कि पार्किंग की जगह पर अतिक्रमण के चलते वाहनों के लिए कोई जगह ही नहीं है।*

### छोटे दुकानदार व खोखे वाले रहते निशाने पर

*बड़े शोरूम संचालकों व दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण का खामियाजा यहां पर काम कर रहे छोटे दुकानदारों व खोखे वालों को भुगतना पड़ता है। जब भी कोई शिकायत होती है या एचएसवीपी के अधिकारी इधर आते हैं तो खोखे हटाकर अपनी औपचारिकता पूरी करते हैं, ताकि लोगों को लगे कि विभाग काम कर रहा है। शोरूम व दुकान संचालकों का अतिक्रमण ज्यों का त्यों रहता है क्योंकि इनकी कुर्सियां शाम के समय सजती है और एचएसवीपी के अधिकारी दोपहर से पहले ही अपना अभियान चलाकर औपचारिकता पूरी कर देते हैं।*

### अतिक्रमण से हालत हुए खराब

पीएलए मार्केट में शोरूम व दुकान संचालकों द्वारा किए गए अतिक्रमण व पार्किंग की जगह पर कुर्सियां सजाए जाने से हालत खराब हो गए हैं। न तो लोग विभाग को अतिरिक्त फीस दे रहे और न न ही इन्होंने इसकी मंजूरी ले रखी। जब कोई इन लोगों द्वारा रास्ता रोकने का विरोध करता है तो ये सरेआम कहते हैं कि ये तो ऐसे ही रहेगा, हमारी उपर बात हो गई है। अब यह बात किससे हुई, यह विभाग के अधिकारी जानें या फिर ये अतिक्रमणधारी।
**जांच करवाएंगे, कार्रवाई होगी : ईओ एचएसवीपी**



बरवाल। भाविप गायत्री शाखा के पदाधिकारी हवन करते हुए।

## भाविप गायत्री शाखा में हुआ कार्यक्रम

# रामनवमी यज्ञ करके किया नव सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद, गायत्री शाखा, बरवाला द्वारा गणपति चौक के प्रांगण में नव सत्र का शुभारम्भ हवन एवं रामनवमी यज्ञ करके किया गया। भाविप गायत्री शाखा अध्यक्ष पवन शर्मा ने बताया कि यह पावन प्रकल्प धार्मिक आस्था, समाज सेवा और सांस्कृतिक मूल्यों के समर्पण का प्रतीक रहा। इस हवन का शुभारम्भ मंत्रोच्चारण एवं वेदपाठ के साथ हुआ, जिससे वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिकता से भर गया।

इस आयोजन के प्रकल्प प्रमुख बजरंग जैन एवं राकेश मित्तल रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिषद के सदस्यों सहित समाजसेवियों एवं क्षेत्रवासियों ने भाग लिया और यज्ञ में आहुति अर्पित कर राष्ट्र कल्याण, समाज उत्थान एवं सुख-समृद्धि की कामना की। यहां संरक्षक साधुराम जाखड, टेक चंद मुदगिल, रामनिवास वर्मा, अध्यक्ष पवन शर्मा, शिव कुमार कौशिक, महिला शाखा संयोजिका गुंजन गोयल, राजेन्द्र भट्ट, मनीष गोयल, ज़िले सिंह, डॉ. प्रवीण कुमार, दिनेश शर्मा, संजय गोयल, रमेश सिंगला, अमित जैन, वीरेन्द्र वर्मा, कौशल, शिव कुमार सोनी व रिंकू सरदाना आदि उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने भारत विकास परिषद द्वारा किए जा रहे सेवाभावी कार्यों की सराहना की और सहयोग का आश्वासन भी दिया।

# पुलिस ने पकड़ा भारी मात्रा में लाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

अवैध नशे को लेकर राजथल गांव को उड़ता पंजाब कहा जाता है। इस गांव में सभी प्रकार के अवैध नशे का खुले आम व्यापार किया जाता है। पुलिस प्रशासन भी लगातार दबिश देकर नशे पर रोक लगाने का प्रयास कर रहा हैं।

दो दिन पहले ही प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिसार से इसकी शुरुआत की थी। प्रशासन अब नशा बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के मूढ में दिखाई दे रहा है। इसी कड़ी में एक्साईज और पुलिस विभाग की टीम ने गांव राजथल में छापा मारकर भारी मात्रा में लाहन पकड़ा है। जानकारी के अनुसार एक्साइज विभाग को सूचना मिली थी कि गांव राजथल में कुछ लोग अवैध तरीके से देशी शराब तैयार कर रहे हैं तुरंत ही अधिकारियों ने एक्साईज इंस्पेक्टर संदीप लोहान और नारनौंद थाना से सब इंस्पेक्टर बलवान सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर गांव में सरपंच की मौजूदगी में घरों में छापामारी की। पुलिस को देखते ही लोग घरों से फरार हो गए। पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया तो राजथल निवासी अंगूरी देवी के घर से करीब 120 लीटर लाहन, जोगेंद्र के घर से 100 लीटर शराब तैयार करने का लाहन बरामद किया है।



## कार में सवार होकर दोस्त की शादी के लिए शॉपिंग करने जा रहे थे चार दोस्त

# गलत दिशा से आ रहे वाहन से बचने के प्रयास में खेतों में गिरी कार, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बरवाला फ्लाइओवर के समीप शनिवार रात को एक तेज रफ्तार कार रांग साइड आ रहे वाहन से बचने के प्रयास में राजमार्ग से नीचे खेतों में जा गिरी। जिससे कार में सवार चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों युवक दोस्त की शादी के लिए शॉपिंग करने दिल्ली जा रहे थे। आसपास के लोगों ने घायलों को कार से निकाल एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने चारों की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया।



हांसी। घायल युवकों को हिसार ले जाते परिजन। फोटो : हरिभूमि

*20 अप्रैल को है घायल युवक की शादी: घायल विशाल की शादी आगामी 20 अप्रैल को होनी है और वह अपने दोस्तों के साथ कार में सवार होकर शादी के लिए दिल्ली से अपनी शेरवानी और शादी की अन्य खरीददारी करने के लिए घर से निकला था। लेकिन रास्ते में हुए हादसे में घायल हो गया। विशाल हिसार में प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है।*

*खेत में ही काम कर रहे लोगों ने निकाला कार से बाहर : हादसे में कार में सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान खेत में ही काम कर रहे लोगों ने उन्हें गाड़ी से बाहर निकाला। और एम्बुलेंस को फोन कर मौके पर बुलाया। परंतु कार खेतों में पलटी होने के कारण करीब 25 मिनट बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची। इस दौरान घायल युवक चीखते-चिल्लाते रहे। वहीं एंबुलेंस को रास्ता बताने*

## परीक्षाओं के लिए जारी कर दी गई डेटशीट

# गुजविप्रौवि के सम्बद्ध कालेजों की सेमेस्टर की परीक्षाएं एक मई से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सम्बद्ध डिग्री महाविद्यालयों एवं विधि महाविद्यालयों के अंडरग्रेजुएट एवं पोस्टग्रेजुएट विद्यार्थियों की सत्र मई 2025 सम सेमेस्टर की मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट/अतिरिक्त पेपर की परीक्षाएं 01 मई से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि इन परीक्षाओं के लिए डेटशीट जारी कर दी गई है, जो विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही यह डेटशीट विश्वविद्यालय के सम्बद्ध डिग्री व विधि महाविद्यालयों में भी भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं का समय सायं के सत्र में दोपहर बाद 2 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि बैच 2021 से आगे की बीकॉम/बीकॉम ऑनर्स छठा सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट, बैच 2021 से आगे की बीबीए छठा सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट, बैच 2020 से आगे की बीए मास कम्युनिकेशन छठा सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट, बैच 2020 से आगे की बीएससी छठा सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट/ अतिरिक्त पेपर, बैच 2022 से आगे की पीजी डिप्लोमा द्वितीय सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट, की परीक्षाएं निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर होंगी। परीक्षा केन्द्र का नाम विद्यार्थियों के परीक्षा प्रवेश पत्र पर अंकित रहेगा।

## जिलेभर में 727 बूथों पर धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस कार्यक्रम

# भाजपा की मजबूती एक-एक कार्यकर्ता की मेहनत व समर्पण का परिणाम : डॉ. आशा खेदड़

**कार्यकर्ताओं से सरकार की नीतिया जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की मजबूती एक-एक कार्यकर्ता की वर्षों की मेहनत का परिणाम है। यह कार्यकर्ताओं की मेहनत व प्रति समर्पण ही है कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ रविवार को पार्टी के स्थापना दिवस पर जिला कार्यालय में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कार्यालय पर पार्टी का झंडा फहराया और सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने सभी को रामनवमी की भी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं के निर्देशन में पार्टी कार्यकर्ता राजनीति के साथ-साथ समाजसेवा व अन्य सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। यह सब कार्यकर्ताओं की जनता के प्रति जवाबदेही व पार्टी के प्रति समर्पण है। मेयर प्रवीण पोपली भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंच और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनसहयोग के कार्यों में अपना पूरा सहयोग दें ताकि सरकार की योजनाओं व नीतियों का लाभ जनता तक पहुंच सके। जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावा मुख्य रूप से मेयर प्रवीण पोपली, महामंत्री आशीष जोशी, मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपड़ा, अजय सिंह बैनीवाल, अमर पातड़, सुरेश गोयल धूपवाला, मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, अनिल सैनी, एडवोकेट वीएल शर्मा, प्रोमिला पूनिया, पिंकी शर्मा, बोधराज, सतीश मेहता, धर्मवीर पानू, रंजीव राजपाल, धर्मवीर जाखड़, बनीसिंह सिंह जांगड़ा, बलबीर सिंह भूंबक आदि रहे।



स्थापना दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ व अन्य कार्यकर्ता।

### कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर झंडे लगाए

जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि जिले के हर विधानसभा क्षेत्र में सभी मंडलों व बूथों पर पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर झंडे लगाए। उन्होंने बताया कि जिले के 727 बूथों पर स्थापना दिवस मनाया गया। जिला महामंत्री संजीव रेवड़ी स्थापना दिवस कार्यक्रम के संयोजक रहे जबकि सह संयोजक के तौर पर कृष्ण सरसाना, कुलदीप डेलू व संदीप गोयल ने भूमिका निभाई।



## हांसी की स्थापना

हांसी, हरियाणा राज्य का एक प्राचीन और ऐतिहासिक शहर है। ऐसा माना जाता है कि हांसी की स्थापना राजा अनंगपाल विहंगपाल तोमर ने अपने गुरु ' हंसकर ' (957 ई.) के लिए की थी। बाद में, राजा अनंगपाल तोमर के पुत्र द्रुपद ने इस किले में तलवार बनाने का कारखाना स्थापित किया, इसलिए इसे ' असीगढ़ ' भी कहा जाता है। इस किले से तलवारें अरब देशों तक निर्यात की जाती थीं। हांसी में स्थित असीगढ़ का किला पृथ्वीराज चौहान ने 12वीं सदी में बनवाया था।

# सभ्य समाज के लिए आवश्यक हैं मर्यादाएं

संस्कार

**दिनेश शर्मा 'दिनेश'**

किसी भी देश अथवा प्रदेश की बात हो पर जहां समाज और सामाजिकता की बात आती है वहां मर्यादाएं स्वतः स्थापित हो जाती हैं। समाज के कर्णधारों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि उक्त समाज किन-किन नियमों का अनुकरण करते हुए आगे बढ़ेगा। यह नियम अथवा मर्यादाएं ज्यादातर आचरण, वेशभूषा या भाषा जैसे सन्दर्भों को लेकर होती हैं।



जब मर्यादाएं टूटती हैं या फिर तोड़े जाने की कोशिश होती है तो उसके विपरीत स्वर उठते हैं। किन्तु कई बार हम कुछ बातों को लेकर अधिक उदार हो जाते हैं तथा इन्हें बदलते समय की आवश्यता मान कर चुप्पी साध लेते हैं, जिसका परिणाम भयंकर होता है। तब स्थितियां इतनी विस्फोटक हो जाती हैं कि हम चाहकर भी कुछ नहीं कर सकते। विगत कुछ दशकों में सम्पूर्ण भारत में आचरण और भाषा को लेकर जो सामाजिक पतन हुआ है, उससे हम सभी परिचित हैं। ऐसे में हरियाणा का इससे अछूता रह पाना असंभव था। जिस समाज में गाँव की बेटी पूरे गाँव की इज्जत मानी जाती थी और सारे गाँववासी उसे अपनी बहन या बेटी मानते थे, उसी समाज में आज गाँव की तो छोड़िए समान जाति और गोत्र में युवा विवाह कर रहे हैं। श्रीमद्भागवत गीता की वर्ण-शंकर की अवधारणा तो सच हो ही रही है अपितु इस विषय में आधुनिक काल के वैज्ञानिकों के द्वारा स्थापित तर्क भी गौण होकर रह गये हैं। इस समस्या का हल हम खोज भी नहीं सके कि एक दूसरी भयानक समस्या हमारे समाज के सामने मुंह उठाए खड़ी है और हम सब अपने-अपने आनंद में डूबे हैं। इस अघोषित प्रलय जिसके सम्बन्ध में हम सभी बेखबर न होकर भी आँखें बंद किये हैं। आप विश्वास कीजिए हमारी लापरवाही समाज में भाषा के सौन्दर्य के साथ-साथ संस्कारों को भी बहा ले जाएगी। मीडिया के विभिन्न माध्यमों से आम बोल-चाल में शामिल हो गए उपलब्ध सामग्री से संवाद अब सामान्य बातचीत के दौरान हो रही गाली-गलौच और मार-पीट का हिस्सा हो गये हैं तो वहीं आजकल प्रचलित गीत ऐसी स्थिति में पार्श्व संगीत का कार्य करते हैं। तभी वर्ष 2015 में शादियों में बढ़ती हर्ष फायरिंग के बाद से डीजे के गानों को लेकर सर्व खाप पंचायत रोहतक, झज्जर और सोनीपत ने इस पर आपत्ति उठाई थी। हमारा भारतीय समाज श्रेष्ठ साहित्य और संदेशों से बहुत दूर हो गया है।



हम भूल गए हैं कि शब्दों का अपना प्रभाव होता है। शब्द 'ब्रह्म' की मान्यता दुनिया के सम्मुख स्थापित करने वाले देश के लोग ही शब्द की मर्यादा भूल गए हैं। हमारे समाज का कोई भी अंग शब्दों के प्रति संवेदनशील नहीं है। इस विषय पर आप गंभीरता से नहीं अपितु सामान्य रूप से भी विचार करेंगे तो स्थितियां भयावह प्रतीत होंगी। राजनीतिक, साहित्यिक, कला आदि हर क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों द्वारा प्रयोग किये जा रहे शब्द किसी भी सहृदय व्यक्ति के हृदय को लहूलुहान करने का सामर्थ्य रखते हैं। देश की दिशा तय करने का दंभ भरने वाले राजनेताओं द्वारा समूचे राष्ट्र के विभिन्न सदनों में प्रयोग होने वाली भाषा के स्तर से देश का हर नागरिक परिचित है। यही लोग जब मीडिया के माध्यम से जन सामान्य से रूबरू होते हैं तो फिर सोने पर सुहागा जैसी स्थितियां हो जाती हैं। इसके ऊपर किसी भी प्रकार की अतिरिक्त टिप्पणी की आवश्यता यहां दिखाई नहीं देती। इसी प्रकार संचार क्रांति के चलते लगभग पूरे देश में देखे जा रहे सभी ओटीटी प्लेटफार्म्स ने इसी प्रदूषित नदी के प्रवाह को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

ओटीटी, ऐसे प्लेटफॉर्म हैं, जहां सिनेमा का एक अलग लेवल देखने को मिलता है। जहां सिनेमाघरों में मूवी को सेंसर बोर्ड पास कर अश्लील दृश्यों पर कैंची चलाता है, वहीं ओटीटी पर प्रस्तुत की जाने वाली वेबसीरीज में गाली-गलौच, द्विअर्थी संवाद और नग्नता ही इनकी खूबसूरती मानी जाती है। अधिकतर वेबसीरीज में भाषा की सभी मर्यादाओं के उल्लंघन के साथ-साथ बॉलीवुड की फिल्मों द्वारा स्थापित किए गए नग्नता के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त करने का शर्मनाक कार्य भी किया है। इस सन्दर्भ को जब आगे बढ़ाते हैं तो सोशल मीडिया पर दृष्टिपात करना आवश्यक जान पड़ता है। दरअसल वह सोशल मीडिया ही है जो आज भाषा की मर्यादा का चीरहरण करने में सबसे आगे है। सोशल मीडिया में चाहे यूट्यूब हो, फेसबुक हो, इंस्टाग्राम हो या इसी श्रेणी का कोई अन्य प्लेटफार्म हो; सभी की स्थिति एक जैसी है। कुछ समय पहले यह कहने वाले लोग कि फिल्मी कलाकार अथवा छोटे परदे के कलाकार इस प्रकार की द्विअर्थी शब्दावली का प्रयोग करते हैं कि आप परिवार के साथ बैठकर उनके कार्यक्रम नहीं देख सकते, आज स्वयं वैसा ही कंटेंट तैयार करते हैं। अंतर केवल इतना ही है कि टीवी चैनलों के लोग टीआरपी के लिए वैसा करते रहे हैं और ये लोग वायरल होने के लिए। आप ही बताइए क्या सोशल मीडिया के माध्यमों द्वारा तथाकथित कलाकारों यानि कंटेंट क्रिएटर द्वारा परोसी जा रही सामग्री बच्चों के साथ बैठकर देखने लायक है? हाँ, ये लोग जो खुद को सामाजिक जिम्मेदार बताते हैं, ऐसा दिखाने के लिए 'यूज इयर फोन...' लिखना नहीं भूलते। कल तक समाज की ठेकेदारी का जिम्मा लेने वाले अधेड़ उम्र के अनेक लोग यहाँ अपने बेटे, बेटी और बहुओं के साथ पूरी तन्मयता से इस प्रकार की सामग्री तैयार करने में संलग्न नज़र आते हैं। आखिर ऐसा करने से माता लक्ष्मी की कृपा जो होती है। ऐसे लोग ढूँढने के लिए आपको भारत घूमने की आवश्यता नहीं है बल्कि यह हरियाणा में भी आपके आसपास ही सरलता से प्राप्य हैं। पिछले दिनों पूरे देश में चर्चा का विषय बने उस यूट्यूब कार्यक्रम और उसके कलाकारों के नाम भी आप भूले नहीं होंगे जिसमें माता-पिता के संबंधों पर बच्चों से प्रश्न किए जा रहे थे। इन्हीं सब प्लेटफार्म्स पर युवाओं को गुमराह करने वाले द्विअर्थी शब्दों, गाली-गलौच, मार-धाड़ (गन कल्चर), शराब को लाभप्रद और उत्साहवर्धक पेय दर्शाने वाले गीत, फिल्म और रील आदि की भरमार है। इन सभी प्लेटफार्म्स पर उपलब्ध कंटेंट ने जहां भाषा की मर्यादा को समाप्त किया है वहीं ओटीटी प्लेटफार्म्स की अश्लील सामग्री परोसने की आदत का सहयोग भी किया है। शब्दों के अमर्यादित प्रयोग की यह कहानी यहीं समाप्त नहीं होती। कुछ और तत्त्व भी इस आग में घी डालने का कार्य करते हैं, जिनमें प्रमुख हैं कवि सम्मलेन और कॉमेडी शो जैसे आयोजन। कुछ समय पहले एक विश्वश्विद्यालय के कुलपति ने कवि सम्मलेन कराने से स्पष्ट मना कर दिया। उन्होंने बताया कि हमने कई वर्ष पहले ऐसा कार्यक्रम करवाया था। उसमें तीन-चार कवि-कवयित्रियों ने मंच से अपनी अभद्र भाषा और द्विअर्थी संवादों से जो गन्दगी फैलाई, उसके बाद हमने भविष्य में कवि सम्मलेन न कराने का निर्णय ले लिया।

> **अधिकतर वेबसीरीज में भाषा की सभी मर्यादाओं के उल्लंघन के साथ-साथ बॉलीवुड की फिल्मों द्वारा स्थापित किए गए नग्नता के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त करने का शर्मनाक कार्य भी किया है। इस सन्दर्भ को जब आगे बढ़ाते हैं तो सोशल मीडिया पर दृष्टिपात करना आवश्यक जान पड़ता है। दरअसल, वह सोशल मीडिया ही है जो आज भाषा की मर्यादा का चीरहरण करने में सबसे आगे है।**



इसी तरह का कार्य हास्य के नाम पर अनेक कार्यक्रमों में हास्य-कलाकारों द्वारा किया जाता है। ऐसी परिस्थितियों में जब कभी राजनीतिक लोग इस बारे में कुछ कदम उठाने का प्रयास करते हैं तो वहां भाई-भतीजावाद और जाति-सम्प्रदाय जैसी सामाजिक बीमारियाँ उठ खड़ी होती हैं। इसका ताजा उदाहरण फिर हरियाणा से हमारे बीच में आया है, जब सरकार इस प्रकार के कंटेंट को सोशल मीडिया से हटाना चाहती है। सरकार की तरफ से इस सम्बन्ध में कानून बनाने की बात भी कही जा रही है। लेकिन आवश्यकता है कि कार्य साफ नियति से पूरा किया जाए। इस समस्या के सन्दर्भ में अधिक विस्तार में जाने की अपेक्षा समाधान की दिशा में सकारात्मक चिंतन रखते हुए विचार करना अपेक्षित है। अनेक राजनेता, फिल्में, ओटीटी वेब सीरीज, सोशल मीडिया मंच अच्छा कार्य कर रहे हैं। कई नेता और साहित्यकार भी अपने मानक व्यवहार और भाषा के लिए स्मरण किए जाते हैं। इस संक्रमण से स्वयं और समाज को बचाने का प्रयास करना होगा, तभी इस समस्या का निराकरण संभव है; अन्यथा अभद्र भाषा, अश्लील चलचित्र, शराब और बन्दूक पर आधारित गीत सुनाकर अपने बच्चों से संस्कारी होने की अपेक्षा न रखने का अधिकार हम खो देंगे।

कविता

**इन्द्र सिंह लाम्बा**



## जगत में बड़ा बताया प्यार

हे जी, हे जी, जगत में बड़ा बताया प्यार।
प्यार बिना इस दुनिया के मा जीणा है बेकार।

श्री रामचंद्र और हनुमान में कितना गहरा प्यार था।
शक्ति बाण लगया लक्ष्मण क होया बड़ा लाचार था।
बूटी लाएं हनुमान जी करया बड़ा उपकार था।
कृष्ण और सुदामा जी की बचपन में हुई थी यारी।
कृष्ण तो महाराजा था सुदामा कै था टोटा भारी।
जब गया सुदामा कृष्ण धौरे दूर कर दी ब्याधा सारी।
उन दोनों के प्यार नैं आज जाणै सै संसार।

भामाशाह और महाराणा ने प्यार से करया था काम।
प्यार के कारण भामाशाह ने बहोत से दिए थे दाम।
इसी ही वजह से उनका दुनिया में होया स नाम।
नर से बाज पठान और अमर सिंह जो था राठौड़।
पठान पड़ा था घायल प्यास लागरी थी दम तोड़।
पाणी प्या दिया अमरसिंह नै प्यार बिना भला के थी लोड।
फेर पगड़ी बदले यार बणे करे पक्के कोल करार।

.प्यार बिना हो इसी जिंदगी जैसे सुर बिन होता गीत।
प्यार करो और प्यारा बोलो हो ज्यागी थारी जग में जीत।
प्यार से जीवन सफल बणै वेदों म बतलाइ रीत।
प्यार करो सच्चे दिल त आपस की फूट रह कोन्या
सत्यमेव जयते कती भी झूठ रह कोन्या।
ब्लैकमेल,बेईमानी,ठग्गी फेर या लूट रहै कोन्या।
सतगुरु की कृपा से करता इंदर सिंह प्रचार।

जगत में बड़ा बताया प्यार।
प्यार बिना इस दुनिया के मा जीणा है बेकार।

रागनी

**भूपसिंह भारती**



## एक रात सुपने म्ह

एक रात सुपने म्ह मेरै बाबा साहेब आये।
जीवन म्ह आग्गै बढ़णे के, रस्ते तीन बताये।। टेक।

सुपने के म्ह भीमराव नै, आकै बात बताई।
बेशक भूखे रह जाणा, पर छोड़ो नहीं पढ़ाई,
सुपने म्ह तै उठके भाई, मैं देखूं दाये बांये।1।

दूजा रस्ता भीमराव ने, एक्का का बतलाया,
घर की फूट बुरी हो सै, न्यू बहुजन को समझाया,
हक सारा म्हारा खाया, और जोर जुल्म भी ढाये।2।

सारे कट्ठे होकै भाई, अपणे हक नै पाओ,
लड़ो मरो संघर्ष करो, ना मन म्ह घबराओ,
खुद नै शेर बणाओ, बलि बकरे की दी जाये।3।

छोड़ो सभ पाखंड को, ये अपणी रीत नहीं,
चाल बुद्ध की राह बावळे, फेर हो जीत सही,
देख भारती बात यही, सुपने म्ह भीम समझाये।4।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

रोचक

**अंग्रेजों ने भारत में नमक की तस्करी रोकने के लिए एक लंबी सीमा शुल्क बाधा बनाई थी, जिसे 'भारतीय ग्रेट हैज' के नाम से जाना गया**

# देश में सर्वाधिक लम्बाई की रही कंटीली बाड़




इतिहास

**यशपाल गुलिया**

आपने 'ग्रेट वाल ऑफ चाइना' के बारे मे तो सुना व पढ़ा होगा लेकिन 'भारतीय ग्रेट हैज' के बारे में शायद ही कभी सुना होगा। यह अंग्रेज प्रशासन द्वारा निर्मित ऐसा क्रियाकलाप था जो न केवल भारतीय प्रजा का शोषण करता था बल्कि प्रत्येक वस्तु पर कर लगाने का भी प्रमाण है।

वर्तमान काल में सबसे सस्ती जीन्स नमक को माना जाता है। अंग्रेजों ने नमक पर कर लगाने के भी ऐसे उपाय किए थे कि प्रजा पर अनावश्यक आर्थिक तानाशाही डाली हुई थी। नमक का मूल्य एवं कर इतना बढ़ा दिया था कि उस आवश्यक जीन्स के लिए लोगों को ब्लैक करना पड़ गया। खाद्यानों के ब्लैक को रोकने के लिए तथा प्रजा से क्रूरतापूर्वक टैक्स वसूली के लिए अंग्रेजों ने एक विशाल विभाग ही बना रखा था जिसको कस्टम विभाग कहा जाता था। इसको लेकर उन्होंने मुल्तान से तोरबेला, सतलुज क्षेत्र, फाजिल्का, हिसार, महम, कलानौर, बेरी, झज्जर बादली, हथीन, मथुरा, आगरा होते हुए एक मार्ग ही स्थापित कर दिया था। उसी मार्ग को कस्टम लाइन कहा जाता था ताकि लोग कोई भी कर योग्य जीन्स इधर-से-उधर न ले जा सके। क्योंकि भारी टैक्स से बचने के लिए लोग अपने सिर पर व पशुओं पर लाद कर ब्लैक भी करने लग गए थे। फिर अंग्रेजों ने क्रूरता का शिकंजा कसते हुए पैदल समान ले जाने वाले व्यक्तियों को भी बन्दी बनाना आरम्भ कर दिया। यही नहीं, कस्टम लाइन को मथुरा, आगरा से भी बढ़ाकर झांसी, सागर, खण्डवा तक पहुंचा दिया। ब्लैक पर नियन्त्रण के लिए प्रत्येक मील की दूरी पर चौकी निर्मित करके चौकीदार नियुक्त कर दिए। कुछ मील की दूरी पर बीट स्थापित कर दी गई। जैसे हरियाणा के क्षेत्र में हिसार के बाद महम, कलानौर, बेरी, बादली व चन्दू बीट आदि इस प्रकार के चार चैबन्द प्रबन्ध विभाग में तब वर्ष 1854 में 6600 व्यक्तियों का स्टाफ था।




कस्टम मार्ग मुल्तान से बुरहान तक का चित्र, जिसके दोनों तरफ अंग्रेजों ने नागफन के पौधे रोप डाले थे।

अंग्रेजों का विशेष अंकुश नमक के ब्लैक पर रहता था। क्योंकि यहां सिलान, जहीदपुर, सुल्तानपुर, साढराणा व मेवात के सलम्भा आदि में नमक बनाया जाता था। इसके अतिरिक्त राजस्थान के जैपुर, जौधपुर व बिकानेर राज्यों के आंशिक क्षेत्रों में भी नमक निकाला जाता था। अंग्रेजों ने विशेषकर नमक के ब्लैक को रोकने के लिए बनाए गए कस्टम मार्ग के दोनों तरफ नागफन के पौधे रोप डाले थे। उस कांटेदार मार्ग एवं बाड़ को ही ग्रेट हैज ऑफ इंडिया कहा गया है जिसकी लम्बाई 2504 मील थी। वर्ष 1823 से विभिन्न कस्टम कमिश्न, जॉर्ज सान्डर्स, समिथ, बैटन, हाल्से व ए.वो. हयुम आदि को नियुक्त किया गया था। बता दें कि ए.वो. हयुम ने 1885 में भारतीय कांग्रेस पार्टी बनाई थी। वह कस्टम कमिश्नर वर्ष 1867 से 1870 तक रहे तथा उस अवधि में उन्होंने राजपुताना शासकों से नमक टैक्स बारे एक समझौता भी किया था। अन्ततः उस शोषणयुक्त मार्ग व कंटीली बाड़ तथा विभाग को वर्ष 1879 से अंग्रेजों ने स्वतः ही बन्द कर दिया।



अंग्रेजों द्वारा स्थापित कस्टम लाइन पर बनी चौकी के अवशेष।

उस ऐतिहासिक मार्ग पर अंग्रेजों ने बंगले भी बना डाले थे जिनके अवशेष महम, बेरी व बादली में देखे गए। इस प्रकार चीन की दीवार की तरह उस कांटेदार मार्ग की लम्बाई अद्वितिय होने के कारण एक अंग्रेज राय मोक्सहम ने इस बारे रोचक पुस्तक ही लिख डाली है, जिससे सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त होती है।

# सांस्कृतिक क्षेत्र में कला का अहम योगदान : चेतना सारसर

कलाकार

**ओ.पी. पाल**

हरियाणा की समृद्ध संस्कृति के संवर्धन के लिए समाज को सजग करने की दिशा में साहित्यकारों, लेखकों, लोक कलाकारों और गीतकारों जैसी शख्सियतों ने जिस रूप में अपना अहम योगदान दिया है, उससे हरियाणा की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी है। इसी कड़ी में ग्रामीण परिवेश से निकलकर फिल्म जगत में एक अभिनेत्री के रूप में पहचान बनाकर हरियाणा की बेटी चेतना सारसर अपनी अभिनय कला के जुनून को अंजाम दे रही है। वह केवल एक अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि कविताएं और कहानियां तथा फिल्मों की पटकथा लिखकर समाज को सकारात्मक संदेश भी दे रही हैं। हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में प्रतिभाशाली अभिनेत्री चेतना सारसर ने कुछ ऐसे पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें कला का सकारात्मक पक्ष सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे सकता है और इसी सोच, लगन और मेहनत के बल पर हर इंसान के लिए अपने लक्ष्य को हासिल करना भी संभव है।




हरियाणा की प्रतिभाशाली अभिनेत्री चेतना सारसर का जन्म 25 अक्टूबर 1999 को झज्जर जिले के तलाव गांव में रोहतास और सुमन लता के घर में हुआ। ग्रामीण परिवेश में लड़कियों के लिए परिवारिक माहौल अलग ही होता है, इनके पिता दुकानदार हैं, जो सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। परिवार में आर्थिक तंगी के कारण चेतना के माता-पिता खुद ज्यादा पढ़ाई नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने अपनी बेटी चेतना को पढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। चेतना की प्रारंभिक शिक्षा झज्जर के एक सरकारी स्कूल में हुई। उन्होंने छठी कक्षा से ही खेलों खासकर ताइक्वांडो में रुचि लेना शुरू किया और बाद में वह राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो खिलाड़ी बनकर उभरी। उस समय वह अपने करियर में पुलिस अधिकारी या कोच बनने का सपना देखती थी।

उन्होंने झज्जर के ही सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। बकौल चेतना, सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों यानी अंधविश्वास व कुरीतियों के खिलाफ सामाजिक चेतना जगाने के लिए कुछ कलाकार गांव में आकर नुक्कड़ नाटक करते थे, तो उनकी एक्टिंग को देखकर उसने भी अभिनय के क्षेत्र में जाने का सपना संजोया। गांव में नाटक मंडलियों के कार्यक्रमों से उनकी अभिनय जैसी कला के प्रति अभिरुचि इतनी गहराती गई कि उसने एक अभिनेत्री बनने का लक्ष्य तय करके जो सपना देखा था, वह आज अभिभूत होता दिख रहा है और वह एक अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाती जा रही है।

हालांकि उनके परिवार या सगे संबंधियों में दूर तक भी कोई कला या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। चेतना ने स्नातक की शिक्षा के बाद जब एक्टिंग का कोर्स करने के लिए एक्टिंग इंस्टीट्यूट में दाखिला लेने की इच्छा जताई, तो उनके माता-पिता ने उसका हौसला बढ़ाया। परिवार से मिले प्रोत्साहन के बाद उसने साल 2017 में रोहतक स्थित पंडित लखमी चंद सुपवा में प्रवेश ले लिया। उसे स्कूली समय से ही टीवी सीरियल्स देखना बहुत पसंद रहा और जब भी वह कोई अच्छा सीन देखतीं, तो बाद में आईने के सामने खड़े होकर उसी किरदार निभाने की कोशिश करती रही।

सुपवा में उनके अभिनय करियर की शुरुआत हुई। हालांकि उनका कहना है कि उसने एक्टिंग कोर्स के लिए सुपवा में प्रवेश लिया था, लेकिन कुछ कारणों से उन्हें कोर्स बदलकर एडिटिंग में प्रवेश लेना पड़ा। लेकिन उन्होंने मन में ठान लिया था कि वह अभिनय की कला को कतई नहीं छोड़ेंगी। खास बात ये भी है कि चेतना स्टूडेंट प्रोजेक्ट्स में लगातार अभिनय करती रहीं, जिससे उन्हें इंडस्ट्री में बाहरी प्रोजेक्ट्स में भी काम करने के मौके मिलने लगे। चेतना का कहना है कि वह अब पूरी तरह अपने अभिनय करियर पर फोकस कर रही है



### यहां से मिली मंजिल

अभिनेत्री चेतना सारसर ने सुपवा में प्रवेश के दौरान ही फिल्म स्कूल के स्टूडेंट प्रोजेक्ट्स, शॉर्ट फिल्मों और गानों में काम करना शुरू कर दिया और धीरे-धीरे उसने अपने अभिनय कौशल को निखारा। उसे हरियाणा के चर्चित मिर्चपुर कांड पर आधारित राजेश अमरलाल बब्बर निर्देशित वेब सीरीज 'कांड 2010' में अभिनय करने का मौका मिला, जिसमें उसने दलित युवती रीता का किरदार निभाया। यहीं से चेतना को एक अभिनेत्री के रूप में ऐसी पहचान मिली कि पिछले दिनों मुंबई में आयोजित 5वें बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अभिनेता मनोज जोशी और सीमा पाहवा के हाथों बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। चेतना ने मेवात वेब सीरीज के कई एपिसोड में अभिनय करके अपनी कला का लोहा मनवाया है। उन्होंने वेबसीरीज अखाडा, क्राइम पेट्रोल में भी प्रमुख किरदार निभाया है।

## खबर संक्षेप




नारनौंद । जलघर पर ताला लगा कर प्रदर्शन करती हुई महिलाएं।

### महिलाओं ने जल घर पर ताला जड़कर किया रोड जाम

**नारनौंद।** पिछले काफी दिनों से गांव बास में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। इसी को लेकर महिलाओं ने जल घर पर ताला लगाकर जींद भिवानी सड़क मार्ग को जाम कर दिया और पब्लिक हेल्थ प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। महिलाओं ने कहा कि जब तक हमारी समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक जलघर पर ताला जड़ा रहेगा। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर महिलाओं को समझाया और जाम को खुलवाया। बास आजमशाहपुर, बास बादशाहपुर, बास अकबरपुर की महिलाओं ने बताया कि पीने के पानी की सपलाई पिछले आठ दिन में एक बार आई है और जल घर में पानी के टैंको की सफाई भी नहीं की गई है।

### कैबिनेट मंत्री ने बरवाला में पांच करोड़ रुपये से अधिक के निर्माण कार्यों का किया शुभारंभ

# सरकार विकास के वायदे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध : रणबीर गंगवा

**कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने भगत सिंह चौक बरवाला में नगरपालिका बरवाला द्वारा पांच करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले विभिन्न निर्माण कार्यो का शुभारंभ किया। इनमें टोहाना रोड से हांसी रोड वाया भगत सिंह चौक, सुमेश खेडी वाले के घर से सिविल अस्पताल रोड, रवि राजलीवाला के घर से राजू खेदड वाले के घर तक, राम किशोर के घर से सिविल अस्पताल तक, सिटी अस्पताल से भारती विद्या मंदिर, ब्लड बैंक से सिटी अस्पताल तक पुरानी नगरपालिका समिति से चन्द्रभान के घर तक सड़क निर्माण, वार्ड नं 13 में सामुदायिक केन्द्र के नवीनीकरण, श्री श्याम वाटिका सेवा समिति का नवनिर्माण, नंदीशाला में शेड का निर्माण आदि कार्य शामिल हैं।



**बरवाला।**–अग्रसेन चौक बरवाला में विकास कार्यों का शुभारंभ करते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा। फोटो : हरिभूमि

**कार्यक्रम के दौरान ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर नगरपालिका चेयरमैन रमेश बेटरीवाला, वाइस चेयरमैन ताराचन्द नलवा, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, रणधीर सिंह धीरू, देव शर्मा, मंडल अध्यक्ष मोनू संदुजा, सुरेश गोयल, सुरेश शर्मा, सुनील, रामपाल, पार्षद कांता देवी, धर्मसिंह लांग्यान, पार्षद राधेश्याम गूढली, पार्षद ज्योति बंसल, सतबीर सैनी, मोहन सिंह, सुरेन्द्र नौथावत, कालु राम, रामचन्द्र मौर्य, संपत, मदन लाल कामरेड, महेंद्र सेतिया, परमिंदर मेहता, डॉ देशराज वर्मा, राजेंद्र मौर्या, प्रधान कृष्ण सोनी, रामकेश बंसल, सुंदर सिंह गोयल, विनोद बंसल, दीपेंद्र व मानसिंह चौहान समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी**

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान करेगा और लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। जल्द ही नगर के दोनों और भव्य स्वागत द्वार सहित सीवरेज, पेयजल व अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित निर्माण कार्य भी आरंभ होंगे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया, उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के वायदे को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार गांवों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सड़क नेटवर्क को मजबूत कर रही है। पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स ने सांसद कोटे से वाहन वितरित किए।



**हिसार।**–वाहनों को रवाना करते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा तथा पूर्व सांसद डॉक्टर डीपी वत्स। फोटो : हरिभूमि

## मंत्री ने ट्रैक्टर को झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स ने सांसद रहते हुए अपने कोटे से विभिन्न गांवों और नगर निगम को पानी के ट्रैक्टर, टैंकर, ट्रैक्टर ट्रॉली और ई-रिक्शा आबंटित किए थे। रविवार को पीडब्ल्यूडी वर्कशॉप हिसार में एक विशेष कार्यक्रम के तहत डॉ. वत्स तथा लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने ट्रैक्टर-टैंकर, ट्रॉली व ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व सांसद डीपी वत्स ने कहा कि जनसेवा के लिए इन संसाधनों को प्रयोग में लाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस है ग्रामीण नागरिक स्वस्थ रहें। इन संसाधनों से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, पूर्व पार्षद पिंकी शर्मा, भूपेंद्र पनिहार, विभिन्न गांवों के सरपंच और संबंधित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जॉब फेयर में हुआ 338 प्रतिभागियों का चयन

- ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विवि में लगा मेगा जॉब फेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय रोजगार मेला पूल कैंपस का भव्य समापन हुआ। तीन दिन के इस रोजगार मेले में 48 से अधिक कंपनियो ने हिस्सा लिया और जॉब फेयर में पूरे हरियाणा प्रदेश के विद्यार्थियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में लगभग 338 से अधिक उम्मीदवारों का चयन हुआ। और उनके उज्वल भविष्य की कामना की व जिनका चयन इस जॉब फेयर में नहीं हुआ, उन्हें और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इसी के साथ उन्होंने बताया कि ओएसजीयू. यह जॉब फेयर गत वर्ष से करवाता आ रहा है, व हर बार की तरह इस साल का ये जॉब फेयर भी सफल रहा। विश्विद्यालय के कुलपति डॉ एनपी कौशिक और प्रति कुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर ने चयनित प्रतिभागियों को बधाई दी। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के इंचार्ज डॉ. अमित नांदल ने बताया कि इस बार का जॉब फेयर तीन दिवसीय था जिसमें हर एक दिन विभिन्न कंपनियों ने विद्यार्थियों का इंटरव्यूड किया। इस मेगा जॉब फेयर में 5250 से आधिक प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था जिसमें विभिन्न कंपनियो में 338 से अधिक उम्मीदवारों का चयन हुआ है। इस मेगा जॉब फेयर को सफल बनाने के लिए ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की पूरी टीम, मार्केटिंग विभाग की पूरी टीम व विश्विद्यालय के सभी विभागों के अधिकारियों ने निष्ठा के साथ सहयोग दिया। रिपोर्ट के अनुसार तीन दिवसीय मेगा जॉब फेयर 2025 सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।



**हिसार।** जॉब फेयर में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**दी बधाई**

तीन दिन तक चले इस पूल कैम्पस में सनराइज मेटल कंपनी, एलआईसी ऑफ इंडिया, मिडटाउन ग्रैंड, रिलायंस इंडिया, आईसीआईसीआई, एचडीएफसी, एक्सिस बैंक जैसी बड़ी कंपनियों ने विद्यार्थियों का चयन किया। विश्विद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो.चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने खुशी जाहिर करते हुए सभी चयनित प्रतिभागियों को बधाई दी।

## मेयर ने पंजाबी धर्मशाला में किया पेथोलोजी लैब एवं फ्री होम्योपैथी डिस्पेंसरी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पंजाबी वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में राजगुरु मार्किट स्थित पंजाबी धर्मशाला में रियायती रेटों पर पेथोलोजी लैब एवं फ्री होम्योपैथी डिस्पेंसरी का शुभारंभ किया गया। सोसायटी के प्रधान शम्मी नागपाल ने बताया कि लैब एवं डिस्पेंसरी का शुभारंभ नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली ने किया। शुभारंभ करने उपरांत मेयर प्रवीण पोपली ने सोसायटी के उपप्रधान राजकुमार महता, महासचिव राकेश चोपड़ा, सहसचिव विजय नागपाल एवं कोषाध्यक्ष डॉ. तिलकराज आहुजा सहित अन्य सदस्यों के साथ लैब एवं डिस्पेंसरी का अवलोकन किया तथा डॉ. विक्रांत भारद्वाज से बातचीत की। मेयर प्रवीण पोपली ने लैब एवं डिस्पेंसरी की शुरुआत करने पर कहा कि सोसायटी द्वारा अच्छा कदम उठाया गया है। इससे आसपास के लोगों को लाभ होगा। सोसायटी के पदाधिकारियों ने मेयर का स्वागत करते हुए उन्हें बुक्के व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।



**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली पेथोलोजी लैब एवं फ्री होम्योपैथी डिस्पेंसरी का शुभारंभ करते

## इनेलो पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. ताऊ देवीलाल को पूण्यतिथि श्रद्धा सुमन किए अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पूर्व उपप्रधानमंत्री जननायक ताऊ देवीलाल की 24वीं पुण्यतिथि के अवसर पर इनेलो पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने टाऊन पार्क स्थित ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और हवन यज्ञ में आहुति डालकर उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलने का प्रण लिया। इस दौरान सर्व धर्म प्रार्थना व सद्भावना सभा का भी आयोजन किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में हिंदू, मुस्लिम, सिख व ईसाई धर्म के धर्माचार्य ने अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर पार्टी जिलाध्यक्ष सतपाल काजला ने कहा कि जननायक चौ. देवीलाल आज भी कमेरे व मेहनतकश लोगों के दिलों में बसते हैं। इसका मुख्य कारण उनके द्वारा समाज के इन वर्गों के लिए जीवन पर्यंत भलाई के कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि आज देश में जिस प्रकार का माहौल बना हुआ है उसको देखते हुए आज जननायक चौधरी देवीलाल की नीतियों पर चलने की सबसे ज्यादा जरूरत है। इस अवसर पर चतर सिंह स्याहड़वा, सतबीर सिसाय, सुरेंद्र लांबा, एडवोकेट गंगाराम, एडवोकेट प्रदीप बाजिया, एडवोकेट विनोद कस्वां, एडवोकेट प्रमोद बागड़ी, डा. सतनारायण मंगाली, यशपाल गोदारा, होशियार खान, राजबीर खान, कृष्ण पंवार, तेलूराम सरपंच, राजबीर सिंधु, ललिता टाक, अन्नू सूरा, रामा जाखड़, सुभाष टाक, जंग बहादुर आदि रहे।



**हिसार।** टाऊन पार्क में पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. ताऊ देवीलाल को श्रद्धासुमन अर्पित करते इनेलो पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

# राम नवमी पर सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

- नगर निगम और सामाजिक संस्थाओं ने दिल्ली रोड व अर्बन एस्टेट मार्केट में महा सफाई अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

रामनवमी के शुभ अवसर पर रविवार सुबह एक बार फिर नगर निगम और सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ता शहर को साफ करने के लिए सड़कों पर उतरे। इस दौरान अर्बन एस्टेट-II मार्केट में वर्षों से जमी मिट्टी व मलबे के ढेरों को साफ किया गया। इस सामूहिक अभियान में हमारा प्यार हिसार, रोटरी सेंट्रल सहित कई संस्थाओं व नगर निगम की टीमें शामिल हुई। अभियान में मेयर प्रवीण पोपली, अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल सिंह, सुशील खरींटा, पार्षद संजय डालमिया, डॉ. एसके गर्ग, डॉ. राज सोनी, राजेंद्र गहलोत, अदेश मलिक, मंजू पूनिया, त्रिलोक बंसल, डॉ. बीबी बांगा, रेखा गर्ग, ममता छाबड़ा, मधु गोयल, गगन मेहता, मनीष गोयल, सत्येंद्र यादव, जितेन्द्र बंसल, प्रवीण अग्रवाल, जितेंद्र सैनी, मंदीप पूनिया, रमेश वर्मा, डॉ संदीप अग्रवाल, युद्धवीर पानू, सचिन, नितिन ग्रोवर, रामकिशन गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, बलवान सिंह, राजन वर्मा, अंकित गर्ग, संजय मारवाड़ी, साहिल गिरधर, पूर्वी बंसल, ईशा, एकता, जैस्मिन, राघव, यजत, अभिमन्यु पुनिया मेघा, भाविका, अभिमन्यु, मेघा, रिया, ध्रुव व बड़ी संख्या में सफ़ाईकर्मी शामिल हुए। सभी कार्यकर्ताओं, निगम अधिकारियों व सफाई कर्मियों ने बहुत ही मेहनत और लगन से काम किया। दो दिन पहले भी इसी क्षेत्र में रात्रि में सफाई अभियान चलाया गया था।



सफाई अभियान में लगे विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## आदमपुर में रामनवमी के अवसर पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

- श्रीराम नाम के जयघोष से गुंजा आदमपुर

आदमपुर रविवार को राम नाम के रस में डूब गया। विश्व हिंदू परिषद् आदमपुर इकाई द्वारा रविवार को रामनवमी पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ क्लाथ मार्केट स्थित मैदान से हुआ जो बोगा मंडी, लेडिज मार्केट, एडिशनल मंडी, अनाज मंडी, मैन बाजार, क्रांति चौक, लाइनपार, कालेज रोड से होते हुए जवाहर नगर स्थित श्रीराम आश्रम में संपन्न हुई। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। यात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व बाबा हनुमान की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। अतिथियों ने कहा कि राम नाम के उमड़े जनसैलाब से पूरा आदमपुर राममय हो गया। ढोल नगाड़ों के साथ भजनों पर झूमते हुए श्रद्धालुओं ने राम जन्मोत्सव की जमकर खुशियां मनाई। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रमुख पं. कृष्ण दत्त जोशी, मांगेराम सिंगला, सुशील सदलपुरिया, मुनीष ऐलावादी रहे।

# महोत्सव की शुरुआत रक्तदान शिविर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जैन धर्म के वर्तमान शासन नायक 1008 भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में हिसार में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ रविवार को भव्य रक्तदान शिविर के साथ हुआ।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जैन धर्म के तीनों पंथ एकजुट होकर सकल जैन समाज के बैनर तले इस पावन महोत्सव को उत्साह और एकता के साथ मना रहे हैं। महोत्सव की शुरुआत जैन औषधालय प्रांगण में आयोजित रक्तदान शिविर से हुई, जो प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चला। तीनों पंथों के पदाधिकारियों ने भगवान महावीर स्वामी के चित्र का अनावरण कर और दीप प्रज्वलन कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य सदस्य, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। शिविर में सकल जैन समाज के सदस्यों के साथ-साथ अन्य संस्थाओं और नागरिकों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सकल जैन समाज की ओर से संजीव जैन सीए ने बताया कि रक्तदान शिविर में कुल 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सभी रक्तदाताओं को मौके पर ही प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा प्रमोद जैन जी द्वारा स्मृति चिह्न के रूप में एक-एक हैंड बैग भी भेंट किया गया। शिविर में विशेष रूप से युवाओं की भागीदारी उत्साहजनक रही, जिन्होंने सेवा भावना का परिचय देते हुए रक्तदान किया।



**हिसार।** शिविर में रक्तदान करते गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि



हिसार। शैक्षणिक भ्रमण करते गुजविप्रौवि हिसार के विद्यार्थी।।

## गणित विभाग के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण कर प्राप्त की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गणित विभाग के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभाग के विद्यार्थियों ने मेल इंचार्ज विजेन्द्र सिहाग व फीमेल इंचार्ज रेखा दहिया के नेतृत्व में यह शैक्षणिक भ्रमण किया। भिागाध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों के दल को 28 मार्च को रवाना किया था।उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इससे विद्यार्थियों को देश की संस्कृति एवं प्रकृति को समझने का मौका मिलता है। इस शैक्षणिक भ्रमण में विभाग के 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कुल्लू मनाली, मणिकरण, अटल टनल, सीसू लेक, सोलांग वैली, खीरगंगा ट्रैकिंग का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने इस दौरान जोगिनी वॉटरफॉल के नाम से पांच किलोमीटर की हाइकिंग की तथा वशिष्ठ टेम्पल को देखा। इस दौरान विद्यार्थी अटल टनल से होते हुए सिस्सू गांव पहुंचे और वहां बर्फ से ढकी सिस्सू झील को देखा। विद्यार्थियों ने इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई, कुलसचिव डा. विजय कुमार व विभागाध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार शर्मा का धन्यवाद किया।

**कार्यक्रम** दिल्ली के प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में हुए समारोह में हिसार से एडवोकेट बजरंग इंदल ने की शिरकत

**हिसार से एडवोकेट बजरंग इंदल ने शिरकत कर एनडी पंचोली को पुष्पगुच्छ भेंट किया**

# एडवोकेट एनडी पंचोली को पीयूसीएल ने किया 'जीवन पर्यंत योगदान सम्मान' से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नई दिल्ली स्थित प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक कार्यक्रम में देश के वरिष्ठ मानवाधिकार अधिवक्ता एवं पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल, दिल्ली) के अध्यक्ष एडवोकेट एनडी पंचोली को उनके करीब पांच दशकों के निर्भीक संघर्ष, लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना और मानवाधिकारों की सतत रक्षा में योगदान के लिए 'जीवन पर्यंत योगदान सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिसार से एडवोकेट बजरंग इंदल ने शिरकत कर एनडी पंचोली को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। बजरंग इंदल ने कहा एनडी पंचोली जैसे संघर्षशील और संवेदनशील अधिवक्ताओं से हमें ह्यूमन राइट्स एक्टिविज्म की गहरी प्रेरणा मिलती है। वंचितों, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं के पक्ष में जो लड़ाइयां लड़ी हैं वो आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता टीएस आहुजा ने कहा कि पीयूसीएल जिसकी स्थापना 1976 में आपातकाल के दौरान जयप्रकाश नारायण की पहल पर हुई थी आज देश का अग्रणी मानवाधिकार संगठन बन चुका है। एनडी पंचोली ने इस संगठन के साथ मिलकर अल्पसंख्यक विरोधी दंगे, दलित-आदिवासी उत्पीड़न, महिला हिंसा, पुलिस अत्याचार जैसे गंभीर विषयों पर देशभर में फैक्ट-फाइंडिंग टीमों का नेतृत्व कर सच्चाई और न्याय की खोज में अग्रणी भूमिका निभाई। दिल्ली विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा प्राप्त कर एनडी पंचोली ने अपने पांच दशकों से अधिक लंबे करियर को सामाजिक न्याय के लिए समर्पित किया है। वे वर्तमान में दिल्ली हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में सक्रिय हैं और उन्हें एक निर्भीक, ईमानदार और जनपक्षधर मानवाधिकार योद्धा के रूप में पहचाना जाता है।




**हिसार।** एनडी पंचाली का स्वागत करते वरिष्ठ अधिवक्ता बजरंग इंदल।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

इस कार्यक्रम में नेकडोर संस्था के प्रमुख अशोक भारती, सामाजिक कार्यकर्ता सुमेधा बौद्ध, एडवोकेट वर्तिका, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता टीएस आहुजा, प्रो. एसपी सिंह, एडवोकेट अरुण मांझी, सीनियर एडवोकेट अशोक पांडा, एडवोकेट एचएस फूलका, वरिष्ठ पत्रकार जोसफ मालियाकान, सैयदा हामिद, लीला, एडवोकेट रविंद्र बाल्यान सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया और एनडी पंचोली को सम्मानित होते देख शुभकामनाएं दीं।

### शराब ठेके से हजारों चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने जाखल के गांव चूहड़पुर में शराब के ठेके से हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। इस बारे सेल्जमेन ने जाखल पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। हनुमानगढ़ के राजू ने बताया कि वह चूहड़पुर में शराब की दुकान पर बतौर सेल्जमैन है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, नरेन्द्र पुत्र श्री जयभगवान निवासी गांव सीसर तहसील बास जिला हिसार ब्यान करता हूं कि मेरी जन्म तिथि 22.07.1999 है और मेरा ड्राईविंग लाईसैंस नंबर HR2120180004589 है। मेरे सभी कागजात में मेरा नाम नरेंद्र पुत्र जयभगवान (Jaybhagwan) दर्ज है और मेरे ड्राईविंग लाईसेन्स में मेरा नाम नरेंद्र पुत्र जय भगवान (Jai Bhagwan) दर्ज है। मैं अपने ड्राइविंग लाइसेंस में अपना नाम नरेंद्र पुत्र जय भगवान (Jai Bhagwan) के स्थान पर नरेंद्र पुत्र जयभगवान (Jaybhagwan) करवाना चाहता हूं।

## खबर संक्षेप



हिसार। अपने आवास पर चौ. देवीलाल को श्रद्धासुमन अर्पित करते पूर्व मंत्री संपत सिंह व अन्य।

### पूर्व मंत्री ने चौ. देवीलाल को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**हिसार।** पूर्व मंत्री सम्पत सिंह ने पूर्व उप प्रधानमंत्री चौ. देवीलाल की पुण्यतिथि पर अपने आवास पर परिवार व साथियों सहित श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि चौ देवीलाल बहुत बड़े स्वतंत्रता सेनानी व आम, गरीब, मजदूर व किसान के मसीहा थे। उन्होंने 14 वर्ष की आयु से ही किसान, मजदूर, कमेरे वर्ग की हकों की लड़ाई लड़नी शुरू कर दी थी। उन्होंने हर गली व घर तक राजनीति का ज्ञान पहुंचाया। साधारण व्यक्तियों को भी संसद और विधानसभाओं के रास्ते दिखाए। उन्होंने कहा कि चौ. देवी लाल उनके राजनीतिक गुरू व पथ-प्रदर्शक थे। आने वाले हर समय में उनको एक सीधे-साधे संघर्षशील किसान नेता के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

### अमर शहीद मंगल पांडे का शहीदी दिवस कल

**हांसी।** शहीद भगत सिंह संगठन समिति द्वारा 8 अप्रैल को बजरंग आश्रम में अमर शहीद मंगल पांडे का 168वां शहीदी दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहनात निवासी जितेन्द्र गिल व नगर परिषद हांसी के चेयरमैन प्रवीण इलावादी होंगे। ज्योत प्रज्ज्वलित शमां मल्होत्रा व मोनिका जांगड़ा करेंगी। समारोह में किशोरी नागपाल व रामस्वरूप खट्टर अमर शहीद मंगल पांडे की जीवनी पर प्रकाश डालेंगे। प्रधान सरदार इलावादी ने कहा कि आजादी के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का बिगुल वर्ष 1857 में मंगल पांडे ने ही बजाया था जिसके बाद आजादी की लड़ाई पूरे भारत में फैल गई।

### वेलफेयर के सहयोग से नेत्र जांच शिविर आज

**हिसार।** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में समाजसेवी अशोक आहुजा के सहयोग से 7 अप्रैल को नेत्र जांच का शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सक लोगों की आंखों की निशुल्क जांच करके उचित परामर्श देंगे और यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की जाएंगी। जिनकी आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिलेगी, उनका फ्री नेत्र ऑपरेशन दिव्यांग केंद्र के आधुनिक ऑपरेशन थियेटर में 11 अप्रैल को होगा।


## 105 सवामणी के प्रसाद के साथ नवरात्र महोत्सव का समापन

# नवरात्रि महोत्सव में श्री काली देवी मंदिर में की गई 1951 अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

शहर के प्राचीनतम श्री काली देवी मंदिर में रविवार को 105 सवामणी के प्रसाद के भोग के साथ शारदीय नवरात्रि महोत्सव सम्पन्न हो गया।

नवरात्रि महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर परिसर में 1951 अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की गई थी। मंदिर में प्रज्जवलित ज्योत की देखभाल मंदिर प्रबंधन समिति के प्रशिक्षित पंडितों की जाती है। श्री काली देवी मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित बृजभूषण शास्त्री ने बताया कि मंदिर में इन नौ दिनों में रोजाना मंदिर प्रांगण व माता रानी का नई पोषाकों व फूलों का भव्य तथा अलौकिक श्रृंगार किया जाता है और श्रद्धालुओं के अनुरोध पर अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की जाती है। महानवमी पर मंदिर प्रबंधन समिति श्रद्धालुओं की बोली गई सवामणी का प्रसाद तैयार करवाकर भोग लगाया जाता है। शारदीय नवरात्रि महोत्सव में 1951 अखंड ज्योत और रविवार को 105 सवामनियों के प्रसाद का भोग लगाया गया। माता रानी श्री काली देवी के देश ही नहीं विदेशों में रहने वाले असंख्य श्रद्धालुओं द्वारा मन्नत पूरी होने पर अखंड ज्योत व सवामनी लगवाई जाती है। माता रानी के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई प्रत्येक मन्नत पूर्ण होती है।



हांसी। नवरात्र महोत्सव के दौरान माता रानी का किया गया भव्य श्रृंगार।

### विहिप व बजरंग दल ने निकाली शोभायात्रा



**हांसी।** विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल जिला हांसी की ओर से रविवार को रामनवमी के उपलक्ष में मुख्य बाजारों में शोभा यात्रा के निकाली गई शोभा यात्रा पंचमुखी हनुमान मन्दिर, सिसाय पुल से शुरू होकर लाल सड़क, किला बाजार, चोपटा बाजार, बड़सी गेट, जींद चैक, सदर बाजार, प्रताप बाजार वापिस पंचमुखी हनुमान मन्दिर, हांसी में पहुंची। यात्रा का शुभारंभ महन्त सागर नाथ ने ध्वजा दिखाकर किया। इस अवसर पर जिला संयोजक संदीप तहलका ने कहा कि भगवान राम के जन्म दिन के उपलक्ष में राम नवमी का त्यौहार मनाया जाता है जिसकी खुशी में हम रामनवमी के दिन शहर में शोभा यात्रा निकालते है। इस यात्रा में सभी हिन्दू संगठनों व हिन्दुओं ने हिस्सा लिया। यात्रा में आरएसएस जिला संचालक कृष्ण यादव, राजेश मंगल, रामनिवास, गौरक्षा प्रमुख, बलराज सुरक्षा प्रमुख, प्रमोद उर्फ मोदी कुलाना, गुरनाम सोढी, दिनेश, विकास, मोनू सिसोदिया, राजेश सैनी, जयभगवान सैनी आदि सहित काफी संख्या में गणमान्य शामिल हुए।



## शिव मंदिर में माता की चौकी में घंटों झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शिव मंदिर ट्रस्ट, एमसी कालोनी के तत्वाधान में शिव मंदिर में नवरात्रों के उपलक्ष्य में माता की चौकी का आयोजन किया गया।

सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में माथा टेका। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान रामअवतार अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली द्वारा ज्योत प्रचण्ड करने के बाद भजन गायक वंदना अरोड़ा गांधी व राजेन्द्र काका ने माता रानी का गुणगान किया। देर रात तक महामाई के जयकारे गूंजते रहे। इस दौरान झांकी भी निकाली गई। मेयर प्रवीण पोपली सहित पार्षद संजय डालमिया, सरोज टीनू जैन, मोहित सिंगला, जगमोहन मित्तल के साथ जीएसटी कमिश्नर केके सिंगला, विधायक सावित्री जिंदल के पीए ललित शर्मा, नरेश सिंगल आदि को पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संजय गोयल, अनिल बंसल, सीताराम, कैलाश रानी, रामनिवास गोयल, सुभाष मित्तल, डॉ. अनिल शर्मा, राकेश गर्ग, राजेश सैनी, राकेश अग्रवाल, सुरेन्द्र जैन, कमल मेहता, सुशील रहेजा, अमरनाथ, चंद्रप्रकाश, आर.एस. पानु, प्रमोद गोयल आदि भी उपस्थित रहे।

## चेतना की अनंत ध्वनि है ब्रह्मनाद ध्यान : आचार्य

- साधना केंद्र में संडे ध्यान का कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

समर्थगुरू सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में समर्थगुरू संघ ने कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में संडे ध्यान का कार्यक्रम आयोजित किया। सेशन में आचार्य जीतेन्द्र ने ब्रह्मनाद ध्यान करवाया और इस बारे विस्तार से बताया।

आचार्य जीतेन्द्र ने कहा कि ब्रह्मनाद ध्यान एक प्राचीन आध्यात्मिक ध्यान पद्धति है जो "ॐ" (ओंकार) या ब्रह्म की ध्वनि पर केंद्रित होती है। इसे 'ध्वनि योग' या 'नाद योग' का एक भाग भी कहा जा सकता है। यह ध्यान की वह अवस्था है, जहां साधक ब्रह्मांड की मूल ध्वनि को अनुभव करता है, जिसे /"ब्रह्मनाद/" कहा जाता है। जब मनुष्य बाहरी संसार से ध्यान हटाकर भीतर की ओर करता है और सूक्ष्म स्तर पर /"ॐ/" की अनहद ध्वनि को सुनता है, उसे ब्रह्मनाद कहा जाता है। इस पर ध्यान केंद्रित करने की क्रिया ही ब्रह्मनाद ध्यान कहलाती है। ध्यान करने के लिए एक शांत, स्वच्छ और सकारात्मक वातावरण चुनें व सिद्धासन/पद्मासन में बैठें और रीढ़ की हड्डी सीधी रखें, आंखें बंद करें।



हिसार। कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में ध्यान करते साधक।

### श्वास पर ध्यान केंद्रित करें

गहरी सांस लें और धीरे-धीरे छोड़ें। कुछ मिनट तक श्वास की गति को शांत करें। ॐ का जाप करें–धीरे-धीरे गहरी आवाज़ में 'ॐ' का उच्चारण करें। यह ध्वनि आपके पूरे शरीर में कंपन पैदा करेगी। अब धीरे-धीरे ॐ का उच्चारण बंद करके केवल आंतरिक ध्वनि पर ध्यान केंद्रित करें। ये ध्वनियां घंटी, शंख, वीणा, झंकार जैसी हो सकती हैं।

श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें

## 'भीख नहीं किताब दो' संस्था ने रामनवमी पर किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राम नवमी के अवसर पर भीख नहीं किताब दो संस्था द्वारा संचालित स्वाभिमान अध्ययन केंद्र एवं छात्रावास, तलवंडी राणा के कार्यालय में वैदिक हवन-यज्ञ किया गया।

इस अवसर पर पतंजलि योग समिति से डॉ. मुकेश कुमार, वीरेन्द्र बड़ाला, नरेन्द्र कुमार, संस्था संचालिका अनु चिनिया, गरिमा बंसल, संदीप बनवाला, मंदीप, बिमला देवी के अलावा छात्रावास में रहने वाले बच्चे उपस्थित रहे।

डॉ. मुकेश कुमार ने बच्चों को अपने व्यक्तित्व को भगवान राम जैसा बनाने और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढने के लिये प्रेरित किया। संस्था की संचालिका अनु चिनिया ने कहा कि रामायण हमें जीवन जीने का ढंग सिखाती है। मर्यादा में रहकर ही जीवन जीना चाहिये। हमें भगवान राम के आदर्शों को जीवन में अपनाना चाहिये। वीरेन्द्र बड़ाला ने राम नवमी के उपलक्ष्य में बच्चों के लिये भोजन की व्यवस्था की।



हिसार। भीख नहीं किताब दो संस्था के कार्यालय में हवन करते पतंजलि योग समिति के कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*



### राम नवमी पर कैमरी में निकाली शोभायात्रा

**हिसार।** राम नवमी पर कैमरी गांव में विश्व हिंदु परिषद व बजरंग दल कैमरी मंडल के तत्वाधान में श्रीसंसार चंद कुटिया व हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में शामिल गांव के सरपंच सहित सैंकड़ों भक्तों ने बैंड बाजे के साथ गांव की परिक्रमा की। कैमरी गांव के संत डॉ. मस्त बाबा व पवन शांडिल्य के सान्निध्य में निकाली गई शोभा यात्रा में शामिल लोग रास्ते भर भगवान स्वरुप में बने कलाकारों के साथ भजनों पर झूमते रहे। गांव वासियों ने शोभा यात्रा में शामिल झांकियों के दर्शन किये। संत डॉ. मस्त बाबा व पवन शांडिल्य ने सभी श्रद्धालुओं को राम नवमी की बधाई देते हुए सभी के घरों में सुख-स्मृद्धि की कामना की।

## जिसको धारण करने व अपनाने से परम कल्याण हो, वही धर्म : संतोषी

- श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में नवरात्र महोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मॉडल टाउन स्थित श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में मनाया जा रहा नवरात्र महोत्सव रविवार को रामनवमी के दिन पूजा पाठ, प्रवचन, कन्या पूजन, हवन व भंडारे के बाद संपन्न हो गया।

हरिद्वार से आए 11 वैदिक विद्वानों ने राष्ट्र के कल्याण तथा समाज में सुख शांति के लिए मां जगदंबा जगत जननी से प्रार्थना की और धन-धान्य में संपन्नता की कामना की। महोत्सव की पूर्णता पर आशीर्वचन करते हुए महामंडलेश्वर संतोषी माता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक वातावरण में परिवर्तन होता है वह ऐसे अनुष्ठानों से समाज में समरसता और सहजता के साथ सन्मार्ग की दीक्षा मिलती है उन्होंने कहा इस आयोजन को लोक कल्याणकारी बताते हुए पीठ कमेटी को साधुवाद दिया। ज्ञान देने वालों की कमी नहीं है और लेने वालों की भी कमी नहीं है। जगह-जगह कथाएं हो रही हैं आध्यात्मिक प्रवचन हो रहे हैं, लेकिन इन्हें वास्तविक जीवन में अपने वालों की संख्या पर गौर करते हैं तो वही ढाक के तीन पात। उन्होंने कहा कि जिसको धारण करने व अपनाने से परम कल्याण हो वही धर्म है। व्यक्ति जो अपने लिए चाहता है वैसा ही व्यवहार दूसरों के साथ करें तो यह भी धर्म है।



हिसार। श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में प्रवचन के दौरान महामंडलेश्वर संतोषी माता।

### इन्होंने किया आशीर्वाद ग्रहण

व्यास पीठ को सुशोभित करने पर पीठ कमेटी के उपप्रधान एवं गोभक्त आरपी गुप्ता ने माता श्री को तिलक करके व माल्यार्पण करके पीठ की तरफ से उनका स्वागत किया। पंचकूला से पधारे आरएस सांगा, रणवीर सिंह ढिल्लों व योगाचार्य सुप्रभा आर्य ने भी माता श्री को माल्यार्पण करके आशीर्वाद ग्रहण किया। शक्ति उपासना ट्रस्ट, हरिद्वार के महासचिव एवं पीठ कमेटी के संयोजक राजमल काजल ने माता श्री को महान संत बताते हुए उनका धन्यवाद किया और कहा कि उनके अनमोल वचन अवश्य ही श्रोताओं को प्रभावित करेंगे उन्होंने महोत्सव को यादगार बनाने के लिए रमेश चुघ, लोकनाथ सिंगल, सुभाष बंसल, अनिल महता, सुशील बुडाकिया, अशोक बंसल व राकेश नारंग सहित सभी यजमानों का धन्यवाद व्यक्त किया।



### कंजक पूजन कर कन्याओं से लिया आशीर्वाद

**हिसार।** नवरात्र पर कल जहां अष्टमी पर कंजक पूजन किया गया वहीं नवरात्र के अंतिम दिन रविवार को रामनवमी पर कंजक पूजन किया गया। कंजक पूजन के बाद देवी मां रूपी कन्याओं से आशीर्वाद लेती नवरात्र रखने वाली मिल गेट निवासी एवं एमसी जूलॉजी की छात्रा रचना सैनी।

## समिति ने करवाया 17 जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह

नवविवाहित जोड़ों को विधायक विनोद भयाना ने दिया खुशहाल दांपत्य जीवन का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री शिव सेवा समिति द्वारा रविवार को श्री पंचायती रामलीला मैदान में जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया।

विवाह समारोह 17 जरूरतमंद लड़कियों की हिंदू रीति रिवाज के अनुसार शादी करवाई गई। विधायक विनोद भयाना समारोह में मुख्य अतिथि रहे और नव विवाहित जोड़ों को खुशहाल दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।

उन्होंने श्री सेवा समिति द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सामाजिक संस्थाओं का समाज के उत्थान बहुत बड़ा योगदान होता है। श्री सेवा समिति द्वारा तो जरूरतमंद कन्याओं की शादी तक के कार्य करवाए जा रहे हैं, इससे बड़ा भलाई का कार्य कोई और नहीं हो सकता, क्योंकि कन्यादान महादान माना गया है। सामूहिक विवाह समारोह की स्वागत समिति में समिति के प्रधान प्रेम वर्मा, डॉ एसएस मान, विजेंद्र जांगड़ा, सुभाष जैन, गौरव खट्टर, चंद्रभान कुकड़ेजा व सुभाष गुप्ता सहित कई सदस्य शामिल रहे।



हांसी। सामूहिक विवाह सम्मेलन में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते विधायक विनोद भ्याना व समिति सदस्य।



### आईएमए महिला शाखा ने किया ट्रेकिंग अभियान का आयोजन

**हिसार।** विश्व स्वास्थ्य दिवस की पूर्व संध्या पर, आईएमए हिसार की महिला शाखा की ओर से अपनी महिला डॉक्टरों के लिए एक ट्रेकिंग अभियान का आयोजन किया। उन्होंने उत्तराखंड के पंतवारी से नाग टिब्बा तक ट्रेकिंग की। यह ट्रेक फिटनेस को बढ़ावा देने और समाज को शारीरिक गतिविधियों को अपनाने का संदेश देने का एक प्रयास था। बीमारियों को दूर रखने के लिए शारीरिक गतिविधि सबसे अच्छा तरीका है। हिसार से इस ट्रेक में भाग लेने वाले चिकित्सकों में आईएमए महिला अध्यक्ष डॉ. रेनू भाटिया, सचिव डॉ. अर्चना सोनी, डॉ. वरुणा सिंघल, डॉ. अंजू यादव, डॉ. अमिता गर्ग, डॉ. मोनिका गोयल, डॉ. मीनू बंसल, डॉ. रेनू भाटिया, डॉ अनिशा महाजन, डॉ. संगीता गिरधर, डॉ. पूजा बत्रा, डॉ. प्रियंका छाबड़ा, डॉ. इशिका नैन, डॉ. ज्योत्सना कामरा, डॉ. अर्चना सोनी, डॉ मीनाक्षी गोयल व डॉ दिव्या गुप्ता शामिल रही।

## रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान दिखीं भव्य झांकियां

# जय श्रीराम के उद्घोष से राममय हुआ शहर

- श्रीराम कथा का विधि विधान से समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

श्रीराम कथा समिति की ओर से आयोजित श्रीराम कथा का विधि-विधान से समापन हो गया। इससे पहले प्रातः हवन करके भव्य रामनवमी शोभा यात्रा की शुरूआत की गई।

कथा व्यास महंत श्री चिन्मयदास जी महाराज के सान्निध्य में शोभा यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन से शुरू हुई और विभिन्न बाजारों से होते हुए वापस अग्रसेन पहुंची। यहां पर सभी श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। शोभा यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। रामकृष्ण सेवा संस्थान व विश्व हिन्दू परिषद के संयोजन में आयोजित की गई रामनवमी शोभा यात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं व देशभक्ति से परिपूर्ण झांकियां देखकर श्रद्धालु अनायास ही नतमस्तक हो गए। श्रद्धालुओं ने श्रीराम के भगवा ध्वज हाथ में थामकर और जय श्रीराम का उदघोष लगाते हुए पूरे शहर को राममय कर दिया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा करके झांकियों का स्वागत किया गया। इस दौरान तलवारबाजी और लाठी चलाकर बचाव के उपायों के प्रदर्शन ने खूब प्रभावित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा मुख्यातिथि रहे और नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान गोसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, आयकर उपायुक्त रघुबीर सिंह बूरा, आईआरएस केके सिंगला, डॉ. लवनीश गोयल, कृष्ण खटाना एडवोकेट, सजन गुप्ता, वीरभान बंसल, विनोद गुप्ता व चंद्रभान सोनी मौजूद रहे।



## मानव उत्थान सेवा समिति ने किया फल व वस्त्र वितरण सहित आर्थिक सहयोग

**हिसार।** मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से संचालित श्री हंस सेवा मंदिर के विद्वान आत्मानुभवी महात्मा श्री गौराबाई व म. निरंजनी बाई के द्वारा मातृ दिवस व रामनवमी के पावन उपलक्ष्य में आश्रम में साधना शिविर व सत्संग का आयोजन किया गया। इसमे एक राष्ट्र, एक ध्वज, व एक आत्मा को आधार मानकर भाईचारा, आपसी सद्भाव व राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। महात्मागण ने संगत को जगत जननी श्री माता जी के जीवन मूल्यों का अनुसरण करने का आह्वान लिया। श्री राम के आचरण व मर्यादा के महत्व को भी रेखांकित किया गया।

समिति द्वारा संगत के अंशदान से आज़ाद नगर में स्थित भाग्य श्री महिला आश्रम पर आश्रित सभी लाचार बीमार व मंदबुद्धि महिलाओं को केले, सेब संतरे का प्रसाद वितरण किया गया। इन महिलाओं के लिए सिले-सिलाए वस्त्र दान किए गए और साथ ही कुछ आर्थिक सहयता भी प्रदान की गई। इस कार्य में समिति के जिला प्रधान सतबीर सिंह दांगी, वरिष्ठ सदस्य डॉ. रामकुमार सैनी, मंडल प्रमुख अनूप सिंह, कोषाध्यक्ष महेन्द्र सिंह टाक, जमुना प्रसाद हंसराज व सुनीता देवी ने उपस्थित रहकर व्यवस्था को संभाला।

